# ताप-सहिष्णु अरहर की उन्नत किस्म

**स्रोत: बी.एल.**

**वैज्ञानिकों** ने **स्पीड ब्रीडिंग तकनीक** का उपयोग करते हुए **ICPV 25444** नामक एक **ताप-सहिष्णु अरहर (तुअर दाल)** की किस्म विकसित की है। इस किस्म में परती भूमि को कृषियोग्य बनाने और दालों के आयात पर निर्भरता कम करने की अपार क्षमता है।

- **मुख्य विशेषताएँ:** यह किस्म **45°C तक के तापमान को सहन** कर सकती है, जिससे यह **भारत के उष्ण एवं अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों** के लिये उपयुक्त बन जाती है। इसके माध्यम से खरीफ फसल के बाद **जल संकट और अत्यधिक गर्मी** के कारण परती छोड़ी गई लगभग **1.2 करोड़ हेक्टेयर धान की भूमि** का उपयोग किया जा सकता है।
  - यह किस्म वर्ष में **4 फसल चक्र** पूर्ण करने की अनुमति देती है, जिससे अरहर की नई किस्मों के विकास का समय **15 वर्ष से घटकर केवल 5 वर्ष** हो गया है। इसकी उपज क्षमता **1.1–1.2 टन/हेक्टेयर से बढ़कर 2 टन/हेक्टेयर** हो गई है और फसल की **कटाई अवधि भी सामान्यतः 6–7 महीनों से घटकर 4 महीने** रह गई है, जिससे फसल चक्र बेहतर होता है और लाभप्रदता बढ़ती है।
  - यह घरेलू उत्पादन में **1.5 मिलियन टन की कमी को पूरा** कर सकती है, जिससे **भारत की अरहर दाल (India's pigeonpea imports)** की लगभग **800 मिलियन अमेरिकी डॉलर वार्षिक** आयात लागत में महत्त्वपूर्ण कमी संभव है।
- **दालों के बारे में:** भारत विश्व का **सबसे बड़ा दाल उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक** देश है। सरकार का लक्ष्य **वर्ष 2028 तक दालों के आयात को पूरी तरह समाप्त करना है।**
  - **शीर्ष 3** दाल उत्पादक राज्य **मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान** हैं।
  - **अरहर दाल** भारत में प्रोटीन से भरपूर एक **प्रमुख फलीदार फसल है, जो उष्णकटिबंधीय और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में प्रचुरता से उगती है।**
  - **मूल्य समर्थन योजना (PSS)** के अंतर्गत जब बाज़ार मूल्य **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** से नीचे चला जाता है, तब सरकार किसानों से अधिसूचित **दालों, तिलहन और नारियल (खोपरा)** की **MSP पर खरीद** सुनिश्चित करती है।
- **केंद्रीय बजट 2025-26** में **दलहन में आत्मनिर्भरता** के लिये **6 वर्षीय मिशन** की घोषणा की गई, जिसका लक्ष्य **अरहर, उड़द और मसूर** जैसी फसलों में **आत्मनिर्भरता** प्राप्त करना है।

**स्पीड ब्रीडिंग** प्रकाश, तापमान और आर्द्रता को नियंत्रित करके पौधों की वृद्धि को तेज़ करती है, जिससे **प्रतिवर्ष कई फसल चक्र संभव हो पाते हैं।**

**और पढ़ें:** भारत में मोज़ाम्बिक से तुअर दाल का आयात

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/heat-tolerant-pigeonpea